X - 2018

**SET – 1**

**Series : TYM**

कोड नं.
**Code No. 4/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ ।***
*(ii)* ***चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।***
*(iii)* ***यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।***

### खंड – क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दो में लिखिए :

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है । जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है । पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ । हँसी कितने ही कला–कौशलों से भली है । जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी । एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया । हँसी–खुशी का नाम जीवन है । जो रोते हैं उनका जीवन व्यर्थ है । कवि कहता है – 'ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या ख़ाक जिया करते हैं ।' मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है । उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास–से–उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है । आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुख की दीवारों को ढा सकते हैं । प्राण रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम–से–उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है । सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है ।

एक अंग्रेज़ डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है ।

(क) हँसी भीतरी आनंद को कैसे प्रकट करती है ? 2

(ख) पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व क्यों दिया ? 2

(ग) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है ? 2

(घ) हेरीक्लेस और डेमाक्रीट्स के उदाहरण से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है ? 2

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में लिखिए :

मैं चला, तुम्हें भी चलना है असि धारों पर
सर काट हथेली पर लेकर बढ़ आओ तो ।
इस युग को नूतन स्वर तुमको ही देना है,
अपनी क्षमता को आज ज़रा अज़माओ तो ।
दे रहा चुनौती समय अभी नवयुवकों को
मैं किसी तरह मंज़िल तक पहले पहुँचूँगा ।
तुम बना सकोगे भूतल का इतिहास नया,
मैं गिरे-हुए लोगों को गले लगाऊँगा ।
क्यों ऊँच-नीच, कुल, जाति रंग का भेद-भाव ?
मैं रूढ़िवाद का कल्मष-महत ढहाऊँगा ।
जिनका ज़ीवन वसुधा की रक्षा हेतु बना
मरकर भी सदियों तक यों ही वे जीते हैं ।
दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।
है अगर तुम्हें यह भूख- 'मुझे भी जीना है'
तो आओ मेरे साथ नींव में गड़ जाओ ।
ऊपर इसके निर्मित होगा आनंद-महल
मरते-मरते भी दुनिया में कुछ कर जाओ ।

(क) कवि को नवयुवकों से क्या-क्या अपेक्षाएँ हैं ? 2

(ख) 'मरकर भी सदियों तक जीना' कैसे संभव है ? स्पष्ट कीजिए । 2

(ग) भाव स्पष्ट कीजिए : 2

'दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल,
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।'

## खंड – ख

3. शब्द पद कब बन जाता है ? उदाहरण देकर तर्कसंगत उत्तर दीजिए । 2

4. नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : $1 \times 3 = 3$

(क) जापान में चाय पीने की एक विधि है जिसे 'चा-नो-यू' कहते हैं । (सरल वाक्य में)

(ख) तताँरा को देखते ही वामीरो फूट-फूट कर रोने लगी । (मिश्र वाक्य में)

(ग) तताँरा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं । (संयुक्त वाक्य में)

5. (क) निम्नलिखित शब्दों का सामासिक पद बनाकर समास के भेद का नाम भी लिखिए : $1 \times 2 = 2$

जन का आंदोलन, नीला है जो कमल

(ख) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए : $1 \times 2 = 2$

नवनिधि, यथासमय

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(क) वह गुनगुने गर्म पानी से स्नान करता है ।

(ख) माताज़ी बाज़ार गए हैं ।

(ग) अपराधी को मृत्युदंड की सजा मिलनी चाहिए ।

(घ) मैं मेरा काम कर लूँगा ।

7. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

मौत सिर पर होना, चेहरा मुरझा जाना

**खंड – ग**

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों मे लिखिए :

(क) तताँरा–वामीरो कथा के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि रूढ़ियाँ बंधन बनने लगें तो उन्हें टूट जाना चाहिए । 2

(ख) हमारी फिल्मों में त्रासद स्थितियों का चित्रांकन 'ग्लोरीफाई' क्यों कर दिया जाता है ? 'तीसरी कसम' के शिल्पकार शैलेन्द्र के आधार पर उत्तर दीजिए । 2

(ग) 'गिरगिट' पाठ में चौराहे पर खड़ा व्यक्ति ज़ोर–ज़ोर से क्यों चिल्ला रहा था ? 1

9. 'बड़े भाई साहब' कहानी के आधार पर लगभग 100 शब्दों में लिखिए कि लेखक ने समूची शिक्षा प्रणाली के किन पहलुओं पर व्यंग्य किया है ? आपके विचारों से इसका क्या समाधान हो सकता है ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए । 5

**अथवा**

'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बढ़ती हुई आबादी का पशुपक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? इसका समाधान क्या हो सकता है ? उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए ।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए :

(क) महादेवी वर्मा की कविता में 'दीपक' और 'प्रियतम' किनके प्रतीक हैं ? 2

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर पर्वत के रूप–स्वरूप का चित्रण कीजिए । 2

(ग) बिहारी ने 'जगतु तपोबन सौ कियौ' क्यों कहा है ? 1

11. 'कर चले हम फिदा' **अथवा** 'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्य लगभग 100 शब्दों मे लिखिए । 5

12. इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला की मित्रता भारतीय समाज के लिए किस प्रकार प्रेरक है ? जीवन-मूल्यों की दृष्टि से लगभग **150** शब्दों में उत्तर दीजिए । **5**

**अथवा**

'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए कि एक महंत से समाज की क्या अपेक्षा होती है । उक्त कहानी में महंतों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए । उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए ।

## खंड – घ

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **80-100** शब्दों का अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) भारतीय किसान के कष्ट

- अन्नदाता की कठिनाइयाँ
- कठोर दिनचर्या
- सुधार के उपाय

(ख) स्वच्छता आंदोलन

- क्यों
- बदलाव
- हमारा उत्तरदायित्व

(ग) मन के हारे हार है मन के जीते जीत

- निराशा अभिशाप
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

14. बस में छूट गए सामान को आपके घर तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने वाले बस कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत करने के लिए परिवहन अध्यक्ष को एक पत्र लगभग **100** शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिखकर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिए ।

15. आप हिन्दी छात्र परिषद के सचिव प्रगण्य हैं । आगामी सांस्कृतिक संध्या के बारे में अनुभागीय दीवार पट्टिका के लिए **25-30** शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए । समय और स्थान का उल्लेख भी कीजिए ।

16. विद्यालय में मोबाइल फोन के प्रयोग पर अध्यापक और अभिभावक के बीच लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए । **5**

**अथवा**

स्वच्छता अभियान की सफलता के बारे में दो मित्रों के संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए ।

17. अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

विद्यालय की कलावीथि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं । इसके लिए एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में लिखिए ।

---